सार-समाचार

जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

भरतपुर, (निस)। भरतपुर शहर में जलभराव की स्थिति बनी हुई है जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है.इसी के चलते विजय नगर कॉलोनी की महिलाओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया.उन्होंने कहा कि कॉलोनी में नाला और फेरो कवर क्षितठास्त होने से कॉलोनी में पानी जमा हो जाता है.जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित होने के चलते लोग घरों में कैद हो जाते है.जिला कलेक्टर से समस्या का समाधान करने की मांग की गई है। विजय नगर कॉलोनी निवासी सरस्वती देवी ने बताया कि नगर निगम के वार्ड नंबर 14 में काका हेयर सेलून के पास नाला और फेरो कवर क्षितठास्त है।यह रास्ता विजय नगर और हीरादास को जोड़ता है।जिसके चलते आवागमन बाधित है यह रास्ता बंद भी है जिससे आमजन को काफी परेशानी आ रही है। बारिश के मौसम में यहां बाढ जैसे हालात हो जाते है। चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है और रोड लाइट भी नहीं है। कॉलोनी की आशा और महादेई ने बताया कि जलभराव से निकलना दूभर हो जाता है. जहरीले कीड़े मकोड़े घरों के बाहर विचरण करते है.कही महिलाएं पानी में गिरकर चोटिल भी हो गई हैं. इसी समस्या को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया है. कलेक्टर ने आश्वासन देते हुए कहा है जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

गंगापुर सिटी, (निसं)। माय भारत केंद्र भारत सरकार एवं स्वामी विवेकानंद युवा मंडल के तत्वावधान में स्वयंसेवकों द्वारा वेदान्त छात्रावास में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत रूप से श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रपट पर माल्यार्पण कर की गईद्य अतिथियो का स्वागत सत्कार किया गया माय भारत वालंटियर रिजुल गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीरू बजाज निदेशक वेदान्त छात्रावास, वार्ड पार्षद गौरव मंगल, शिक्षक देवनारायण खण्डेला रहे। वक्ताओं ने बताया कि शिक्षाविद्, चिंतक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती प्रतिवर्ष 6 जुलाई को मनाई जाती है। उनका जन्म 6 जुलाई, 1901 को एक कलकत्ता के अत्यंत प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। उनके पिता आशुतोष बाबू अपने जमाने ख्यात शिक्षाविद् तथा बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। अत- महानता के सभी गुण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भी विरासत में मिले थे। उन्होंने 22 वर्ष की आयु में एमए की परीक्षा उत्तीर्ण की तथा वे 24 वर्ष की उम्र में कोलकाता विश्वविद्यालय सीनेट के सदस्य बने। उनका ध्यान गणित की ओर विशेष था। इसके अध्ययन के लिए वे विदेश गए तथा वहां पर लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी ने उनको सम्मानित सदस्य बनाया। वहां से लौटने के बाद डॉ. मुखर्जी ने वकालत तथा विश्वविद्यालय की सेवा में कार्यरत हो गए। कार्यक्रम में मंच संचालन माय भारत केंद्र के सदस्य दुर्गेश शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यशाला को लेकर तैयारी बैठक

करौली, (निसं)। जिला प्रशासन एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली द्वारा बाल संरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए जिलें में लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बाल अधिकारों के संरक्षण को लेकर 9 जुलाई को प्रात: 11.00 बजे से जिला परिषद सभागार करौली में जोखिमठास्त बच्चों की पहचान करने और सूचना देने के लिए फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं और सीडब्ल्यूसी सदस्यों के साथ अमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली द्वारा जिलें में बाल अधिकारों के संरक्षण एवं बाल संरक्षण मुद्दों को गम्भीरता से लेते हुए जिला स्तरीय विशिष्ट कार्य योजना अनुसार अलग अलग गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। एवं बाल श्रम मुक्त करौली,बाल विवाह मुक्त करौली,बाल मैत्रीपूर्ण करौली एवं बैक टू स्कूल करौली जैसे अभियान चलाकर आमजन को बाल संरक्षण हेतु प्रेरित किया जाता रहा है। 9 जुलाई को प्रात: 11.00 बजे से जिला परिषद सभागार में ब्लॉक स्तरीय बाल संरक्षण समितियों के सदस्यों के साथ फ्रंट लाइन कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर सोमवार को बाल कल्याण समिति कार्यालय में तैयारी बैठक की गई। जिसमें एक्शनएड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा से सारी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

रास्ते में पानी व कीचड़, हो रही परेशानी

गंगापुर सिटी, (निसं)। जाट बडौदा स्थित सीनियर सैकंडरी स्कूल में छात्रों और शिक्षकों को बडी परेशानी का सामना करना पड रहा है। स्कूल के मुख्य रास्ते पर घुटनों तक बारिश का पानी भर गया है। स्कूल के प्रिंसिपल मनीष जारेडा के अनुसार, स्कूल तक पहुंचने का यही एकमात्र रास्ता है। यह रास्ता कच्चा होने के कारण स्थिति और भी खराब हो गई है। पानी भरे इस रास्ते से गुजरते समय कई बच्चे फिसलकर चोटिल हो चुके हैं। स्कूल आने वाले बच्चों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। साफ कपडों में घर से निकलने वाले बच्चे या तो पानी में गिर जाते हैं या उनके कपडे कीचड से खराब हो जाते हैं। इससे उनका पूरा दिन खराब हो जाता है और पढाई पर भी असर पडता है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए स्कूल के प्रिंसिपल ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गायत्री वरमेंदू को पत्र लिखा है। उन्होंने पानी की उचित निकासी की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि छात्रों और शिक्षकों को राहत मिल सके।

सड़क हादसे में युवक की मौत

गंगापुर सिटी, (निसं)। गंगापुर सिटी-जयपुर हाईवे पर रविवार देर रात सडक हादसे में एक युवक की मौत हो गई। सीतौड भट्टा निवासी राजेश सपेरा अपनी बाइक से सीतौड से गंगापुर सिटी की ओर जा रहा था। सीतौड से कुछ दूर पहले ही उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि राजेश उछलकर दूर जा गिरा और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। राजेश काफी देर तक मौके पर बेहोश पडे रहे। सडक से गुजर रहे लोगों ने उसे गंगापुरसिटी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी की सूचना पर सदर पुलिस मौके पर पहुंची। सदर थाने के एएसआई बच्चूसिंह के अनुसार, रात होने के कारण शव को अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखा गया। परिजनों को सूचना दी गई। सोमवार दोपहर को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। राजेश की मौत से परिवार में शोक की लहर है।

10 हजार टन बजरी स्टॉक जप्त

करौली, (निसं)।खनिज विभाग और प्रशासन ने भारी पुलिस बल के साथ सपोटरा के पवारपुरा हडौती में अवैध जमा करीब 10 हजार टन बजरी स्टॉक को जप्त करने की बड़ी कार्यवाही कि है। जिला कलेक्टर एवं करौली जिला पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खनन विभाग एवं राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए सपोटरा के हाडौती में पवारपुरा मे अवैध बजरी के 10हजार टन के स्टॉक को जप्त करते हुए स्टॉक जमा करने वाले खेत मालिक व खननकर्ता के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही शुरू की इस बड़ी कार्यवाही में खनिज विभाग के धर्म सिंह मीणा,प्रशासन की ओर से सपोटरा नायब तहसीलदार मिथिलेश कुमार के अलावा पुलिस उपाधीक्षक कन्हैयालाल और भारी पुलिस बल उपस्थित था।

राज. शिक्षक संघ की समीक्षा बैठक

गंगापुर सिटी, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्र ीय की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सोमवार को गंगापुर सिटी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष गोविंद देव मीणा की अध्यक्षता में हुई बैठक की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्र गीत वंदे मातरम् से हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रामनरेश राठौड, प्रवासी कार्यकर्ता ओमप्रकाश खूंटेला समेत विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए। कुल 52 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बैठक में भाग लिया। ओमप्रकाश खूंटेला ने सदस्यता अभियान की प्रगति पर चर्चा की। प्रदेश उपाध्यक्ष रामनरेश राठौड ने शिक्षक संघ राष्ट्र ीय को एक विशिष्ट संगठन बताते हुए सदस्यता को इसकी रीढ बताया। उन्होंने गुरु वंदन कार्यक्रम के आयोजन पर जोर दिया।

'बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में प्रति माह लक्ष्य करें निर्धारित'

भरतपुर, (निसं)। जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलक्टेट सभागार में आयाजित की गई। जिसमें विभागवार बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को समयबद्ध कार्य करने के निर्देश दिये गये।

जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में प्रति माह लक्ष्य तय कर कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा कराये। जिन कार्यों के लिए भूमि आवंटन किया जा चुका है उनमें टेंडर आदि प्रक्रिया को पूरा करते हुए निरन्तर मॉनिटरिंग करें। उन्होंने नवीन कार्यालय खोले जाने वाली घोषणाओं में मुख्यालय से संवाद कर कार्मिकों की नियुक्ति करवाने के निर्देश दियं उनहोंने कहा कि बालिका सैनिक स्कूल एवं स्पोर्टस स्कूल में नया भवन बनने तक अस्थाई रूप विद्यालय शुरू कर नामांकन करवायें, जिससे बालिकाऐं लाभान्वित हो सके। उन्होंने विभागवार समीक्षा कर पर्यटन विकास के कार्यों को गति देते हुए ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण कार्य, लाईट एंड साउण्ड शो के लिए स्क्रिप्ट करवाकर जल्दी शुरू करने के निर्देश दिये। उन्होंने सडक, फ्लाई ऑवर निर्माण, प्लेटेरिम एवं सांइस लैब, पॉलीटेक्निक कॉलेज को राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में क्रमोन्नत करने के कार्य को समयबद्ध कराने के निर्देश दिये।जिला कलक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिये कि शहर में जहां भी कार्य प्रगति पर उसकी पूरी जानकारी बोर्ड पर

भरतपुर में जिला कलक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली।

प्रदर्शित की जाये जिससे आमजन को पता चल सके। उन्होने कहा कि प्रस्तावित कार्य का प्लान, कार्य शुरू करने एवं पूरा करने की संभावित तिथि भी प्रदर्शित की जाये। उन्होंने कार्यों की प्रगति के दौरान आवागमन में आमजन को परेशानी नहीं हो इसका भी ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो भी अतिक्रमण हटाये जाये उस स्थान के प्रस्तावित प्लान के बारे में स्थानीय नागरिकों को बताये जिससे जानकारी मिल सके।

जिला कलक्टर ने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि किसी भी विभाग में 60 दिवस से अधिक के प्रकरण लम्बित पाये जायेगें उसे गम्भीरता से लिया जायेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रति सप्ताह विभागीय स्तर पर सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करने, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों का समय पर जवाब भिजवाने के तथा समयबद्ध समस्या निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परिवादी की समस्या का अंतिम रूप से समाधान होने तक अधिकारी अपने स्तर पर मॉनिटरिंग करें। निस्तारित प्रकरणों में परिवादियों से वार्ता कर संतुष्टि के स्तर परखने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने हरियालो राजस्थान अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप पौधारोपण की तैयारी कर जुलाई माह के दौरान ही पौधे लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पौधों के लक्ष्य के अनुसार गड्ढे तैयार कर समीप के वन विभाग की नर्सरियों से पौधा उठाकर जन सहयोग से पौधारोपण कराये। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में सभी स्थानीय निकायों, बीडीए को, ठाामीण क्षेत्रों में जिला परिषद, शिक्षा विभाग सहित ठाामीण क्षेत्रों से जुडे विभागों को सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिये। इस दौरान सीईओ जिला परिषद मृदुलसिंह, निदेशक घना मानससिंह, सचिव बीडीए नीलिमा तक्षक, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन धनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी सहित संबन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

अनिल बंसल बने लायन्स क्लब के तीसरी बार अध्यक्ष

हिण्डौन सिटी, (निसं)। लायंस क्लब हिंडौन सेंट्रल का 27 वां पदस्थापना समारोह एक निजी मैरिज होम में अनिल बंसल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें लायन विनय मंगल द्वारा लायंस विश्व प्रार्थना कराई गई एवं स्वागत उद्बोधन महेश कम्बलवाल द्वारा दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान प्रांतपाल सुनील अरोडा रहे जिन्होंने क्लब पदाधिकारियों को सेवा गतिविधियों का सम्मान करते हुए खरैटा सरपंच भूदेव डागुर का हिंडौन सिटी में आई बाढ के समय दिये गये अतुलनीय मानवीय सहयोग हेतु ह्यूमेनिटेरियन अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रेष्ठा मंगल की स्मृति में अनेक सेवा गतिविधियों सहित अध्यक्ष अनिल बंसल द्वारा सेनेटरी नेपकिन वेंडर एवं डिस्पोजल मशीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिंडौन के प्राचार्य को भेंट की।पदस्थापना अधिकारी पूर्व प्रांतपाल पीएमजेएफ लायन अशोक ठाकुर द्वारा नवीन कार्यकारिणी को पद स्थापित किया गया।लायन अनिल बंसल निठार को

लायंस क्लब हिण्डौन सेंट्रल का 27 वां पदस्थापना समारोह अनिल बंसल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ

अध्यक्ष , मनीष सिंघल बीमा वालों को सचिव, आकर्षण उपाध्याय को कोषाध्यक्ष,ओपी मंगल को मुख्य सलाहकार एवं निदेशक, डाक्टर पुष्पेन्द्र गर्ग को निदेशक ,महेश कम्बलवाल को एडमिनिस्ट्रेटर , नंदकिशोर गुप्ता एवं प्रदीप आर्य को उपाध्यक्ष,बजेन्द्र धाकड ,डा.दीपक चौधरी नेत्र रोग विशेषज्ञ, विनोद सोलंकी,,राजेश गुप्ता एवं विकास फोजदार को कार्यकारिणी में विभिन्न पदों की जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर प्रांतपाल लायन सुनील अरोडा, लायन ओपी मंगल को सराहनीय एवं प्रशंसनीय असाधारण सेवाओं के सम्पादन सहित अपनी कला को विदेश तक पहुंचाने के लिए अभिनंदन किया गया।

बैठक आयोजित

भरतपुर, (निसं)। श्री राजपूत सभा जिला इकाई भरतपुर की बैठक जिलाध्यक्ष रेवेन्द्र सिंह पना की अध्यक्षता में की गई। जिला इकाई की कार्यकारिणी में रेवेन्द्रसिंह पना-अध्यक्ष, निरंजन सिंह राजावत-महामंत्री, धुरव सिंह जादौन-उपाध्यक्ष, लक्ष्मण सिंह परमार-संगठन मंत्री, पुष्पेन्द्र सिंह कुशवाह-सहमंत्री, गीतम सिंह परमार-कोषाध्यक्ष तथरा जयसिंह परमार, ओमप्रकाश परमार,रामवकील सिंह चौहान, रमेश सिंह चौहान, श्याम सुंदर सिंह परमार, संजय सिंह भदोरिया, रूपसिंह परमार, गुमान सिंह राजावत, अरविंद सिंह चौहान, विजेन्द्र सिंह तौमर व उत्तम सिंह परमार को सदस्य मनोनीत किया गया है।

जिला इकाई एवं प्रदेश के द्वारा ऐसे छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया जाता है जिनके बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक आये हों उनकी अंकतालिका की दो प्रति व एक फोटो जिलाध्यक्ष के पास 15 जुलाई तक पहूँचायें। वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 80 वर्ष से अधिक हो उनका एक फोटो व आधार कार्ड की प्रति तथा अगर कोई 35 वर्ष से कम उम्र की विधवा हो तो उसके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र व आधार की कापी 15 जुलाई तक पहुंचानी है।

175 लोगों ने कराई जांच

गंगापुर सिटी, (निसं)। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने सेवा सप्ताह के तहत सैनिक नगर में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में सीपी गुप्ता हॉस्पिटल की टीम ने मरीजों की जांच की। डॉक्टरों ने सामान्य रोग, नेत्र रोग, बीपी, शुगर और मौसमी बीमारियों से पीडित मरीजों को देखा। विभाग संगठन मंत्री विष्णु ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि बजरंग दल 1 से 7 जुलाई तक देशभर में सेवा सप्ताह मना रहा है।

जलभराव की समस्या को लेकर कलक्टर को दिया ज्ञापन

भरतपुर, (निसं)। पश्चिम राजेन्द्र नगर विकास समिति भरतपुर द्वारा समिति के अध्यक्ष एवं कोलोनीवासियों द्वारा जिला कलक्टर महोदय को कोलोनी में पानी भराव की समस्या के निराकरण हेतु ज्ञापन दिया गया।

पश्चिम राजेन्द्र नगर राधा स्वामी सत्संग भवन भरतपुर के आसपास का एरिया पानी भराव की समस्या से ग्रस्त है उक्त एरिया में थोडी देर बरसात होने पर बाढ जैसे हालात पैदा हो जाते हैं सडकों एवं मकानों के अंदर डेढ से दो फुट गंदा पानी भर जाता है जिसके कारण भारी नुकसान होता है गंदे पानी के साथ जहरीले जानवर सांप बिच्छु इत्यादि मकानों में आ जाते हैं । इस समस्या के निराकरण बावत तत्कालीन जिला कलक्टर, महापौर, तत्कालीन एवं वर्तमान आयुक्त महोदय को कई बार लिखित व मौखिक रूप से निवेदन किया जा चुका है।उक्त प्रकरण मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पूर्ण जानकारी में है क्योंकि उनका निवास भी इसी क्षेत्र से लगा हुआ है तथा इस समस्या के निराकरण बावत मुख्यमंत्री राज0 सरकार को भी कई ज्ञापन भेजे गये हैं। इस बावत जिला कलक्टर ने काफी देर तक समस्या को सुना एवं शीघ्र इस समस्या के निराकरण कराने का आश्वासन भी दिया गया है।

विधिक साक्षरता शिविर में छात्रों को कानून संबंधी जानकारी दी

भरतपुर, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान की अनुपालना में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के निर्देशानुसार जी.आई.एम.टी. सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, काली बगीची, भरतपुर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल नीरज शर्मा द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की नवीन योजनाएं, बाल विवाह दुष्परिणाम, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 विधिक सहायता, नालसा थीम सॉन्ग, साइबर क्राइम, बाल श्रम आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के बारे में बताया एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया।शिविर में असिस्टेंट लीगल डिफेन्स काउन्सिल शिल्पी जैन द्वारा कन्या भूरण हत्या (पूर्व

भरतपुर के जी.आई.एम.टी. स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित हुआ।

गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक) अधिनियम 1994, गुड टच बैड टच, नि:शुल्क विधिक सहायता, कानूनी प्रक्रिया, महिला सषक्तिकरण, बिना लाइसेन्स वाहन न चलाना, टैफिक नियम, राजस्थान पीडित प्रतिकर स्कीम, राष्ट्रीय लोक अदालत, बच्चों का हेल्पलाईन नं. 1098, नालसा के टोल-फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाईन नं. 15100 आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में विद्यालय के डायरेक्टर विशाल तिवारी द्वारा सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं जागरूकता टीम के सदस्यगण का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह विज्ञिप्त आमजन से संबंधित है। अत: आपसे अपेक्षा है कि इस सूचना को इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिन्ट मीडिया में प्रकाशित करावे ताकि अधिक-से-अधिक व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की गतिविधियों से अवगत हो सके।।

सार-समाचार

लायंस क्लब दिशा की बैठक

गंगापुर सिटी, (निसं)। लायंस क्लब दिशा की वार्षिक प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्लब के पदाधिकारी, सदस्यगण तथा विशेष अतिथि शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य आने वाले वर्ष में समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में कार्ययोजना तैयार करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन राजेंद्र गौतम द्वारा की गई इसके पश्चात क्लब अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए समाज में लायंस क्लब की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब का मूल उद्देश्य नि:स्वार्थ भाव से समाज की सेवा करना है। हम सभी मिलकर ऐसे कार्य करेंगे जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचे। बैठक के दौरान क्लब सचिव लायन लोकेश सोगानी ने सभी सदस्य गणों से चर्चा करके आगामी वर्ष के लिए लायन्स क्लब के सेवा कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। जिसमें हर माह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाने, नैत्र जांच शिविर लगाने, शिक्षा सहायता के रूप में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करना, सरकारी विद्यालयों में लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लास स्थापित करने की योजना, मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति देना, स्वच्छता और पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण अभियान, विशेषकर विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता जागरूकता रैली और कार्यशाला, जल संरक्षण को लेकर सेमिनार का आयोजन करने नेत्रदान और अंगदान के प्रति जनजागरूकता, दिव्यांगजनों के लिए सहयोग कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण हेतु प्रशिक्षण शिविर आदि आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

खाद बीज विक्रेता संघ की बैठक

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर में जिला खाद बीज विक्रेता संघ भरतपुर डीग जिला की कार्यकारिणी बैठक जिला अध्यक्ष रूप सिंह परमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें भरतपुर डीग जिले के करीब 50 सदस्य उपस्थित रहे।इस बैठक में एक मत होकर सर्व सम्मति से निम्न निर्णय लिए गए। वर्तमान समय में उर्वरको के व्यापार में आ रही परेशानियों के कारण आगामी संगठन के आदेशों तक भरतपुर व डीग जिले के उर्वरक व्यापारी थोक वितरक से एवं कंपनियों से उर्वरकों की खरीद नहीं करेंगे एवं इस हेतु समस्त उर्वरक कंपनियों को पत्र जारी किया जा रहा है । इस निर्णय का उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत होकर ध्वनी मत से प्रस्ताव पारित किया। मीटिंग में उपस्थित संरक्षक विजयकांत शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील सिंह राजीव पोद्दार उपाध्यक्ष गजराज सिंह जी डीग उमेश कुमार मोनू नगर रमन लाल गर्ग उच्चौन महामंत्री मोनार्क गर्ग भरतपुरकोषाध्यक्ष खेमचंद गोयल सतीश चंद्र नदबई अशोक पितलिया कुम्हेर योगेश कुमार पहाडी मंत्री राकेश गोयंका राहुल बंसल राजकुमार गोयल राजू डीग राजू पाराशर रूपबास महेश चंद्र गर्ग हलेना महेंद्र कुमार सीकरी राजू यादव कामांमुकेश सेंगरवाल वैर अनिल कुमार गुप्ता जुरहरा जितेंद्र कुमार जीतू भुसावर भजन लाल रारह प्रदीप भारद्वाज बयाना रामेश्वर गर्ग खानुआ चमन अठावाल लखनपुर समुन्दर सिंह बरोली क्षार मनीष खंडेलवाल विजय गुप्ता आदि अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सहभोज के साथ बैठक का समापन किया।

कृष्ण की लीलाओं का किया वर्णन

करौली, (निसं)। गोमती कॉलोनी स्थित संत गोमती दास मेमोरियल संस्थान द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के सदस्य आशुतोष तिवारी ने बताया कि सोमवार को कथा में भगवान कृष्ण की विभिन्न लीलाओं के साथ असत्य पर सत्य की जीत को चरितार्थ करती हुई कंस वध की कथा को सुनाया तथा गोपियों द्वारा उद्धव जी को ज्ञान एवं भगवान का गोपियों के साथ महारास की कथा उसके बाद रुक्मणी हरण एवं भगवान कृष्ण एवं रुक्मणी के विवाह को सुनाया तथा सजीव झांकी का चित्रण किया सभी भक्तों ने रुक्मणी विवाह के अवसर पर युगल छवि का कन्यादान के रूप में नाना प्रकार के भेंट चढाई। इस दौरान संस्था अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा,सीताराम शर्मा,जगदीश तिवारी,पुरनचंद शर्मा,गोविंद लोहे वाले,उधो सिंह एडवोकेट,कपिल देव पाराशर एडवोकेट,देवेंद्र शर्मा एडवोकेट, विनोद शर्मा,भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी आदि सैकड़ो भक्त एवं श्रोतागण उपस्थित रहे।

आकाश शर्मा का किया सम्मान

भरतपुर, (निसं)। ब्राह्मण युवा मंच भरतपुर ने किया एशिया कप 8जी ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो चौंपियनशिप 2025 नेपाल में आयोजित हुई प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाले आकाश शर्मा का सम्मान। ब्राह्मण युवा मंच भरतपुर के संयोजक मनीष तिवारी व लखन शर्मा व सागर चतुर्वेदी के संयुक्त नेतृत्व में आकाश शर्मा का सम्मान किया कार्यक्रम के मुख्यअतिथि श्री ब्राह्मण सभा के जिला महामंत्री जीवनलाल शर्मा थे मनीष तिवारी बताया कि आकाश शर्मा ने एशिया कप 8जी ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो चौंपियनशिप जोकि 27 जून से 30 जून पोखरा नेपाल में आयोजित हुई प्रतियोगिता में आकाश शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। आकाश नहीं सीनियर वर्ग - 48 किलोग्राम में नेपाल के खिलाड़ी को हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम रोशन किया।

'परिवादकर्ता से संवाद कर समाधान की पुष्टि की जाए'

सवाई माधोपुर, (निसं)। बिजली, पानी, सडक, शिक्षा, चिकित्सा सहित आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित हुई।

ज़िला कलक्टर ने कहा कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल (सीएम हेल्पलाइन 181) पर प्राप्त प्रकरणों का समयबद्ध, संतोषजनक और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण अनिवार्य है। किसी भी विभाग की संतुष्टि दर 75 प्रतिशत से नीचे नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जनसुनवाई एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई के सभी प्रकरणों का 7 दिवस में निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया तथा कहा कि परिवादकर्ता से संवाद कर समाधान की पुष्टि की जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।उन्होंने पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविरों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करते हुए लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ें। बिजली आपूर्ति से जुड़े मामलों में त्वरित समाधान हेतु विद्युत विभाग को टोल फ्री नंबर 18001806507 एवं स्थानीय कन्ट्रोल रूम नंबर 07462-224112 / 9413383132 पर प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में संभावित भारी वर्षा के दृष्टिगत शहरी और ठाामीण क्षेत्रों

■ साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बरसात के मौसम में मौसमी बीमारियों की संभावनाओं को देखते हुए सभी अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों, प्राथमिक उपचार तथा जागरूकता सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ठाामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीमें सतत निगरानी रखें एवं लोगों को सतर्क रहने के लिए प्रेरित करें।

जिला कलक्टर ने बीमारी प्रवृत्ति पर विश्लेषण करने एवं टीबी उन्मूलन पर विशेष बल देते हुए ज़िला अस्पताल एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी-आईपीडी डेटा का विश्लेषण कर प्रमुख बीमारियों की पहचान और नियंत्रण हेतु नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, ज़िले को टीबी मुक्त बनाने के लिए नार्ट टेस्ट की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। लालसोट-दौसा मेगा हाईवे के अजनोटी क्षेत्र में जलभराव की समस्या को लेकर रिडकोर, डब्ल्यूआरडी एवं पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। सभी रपटों पर दो दिन के भीतर खतरे के संकेतक साइनबोर्ड लगाने, अधिक जल प्रवाह की स्थिति में बैरिकेडिंग एवं आवश्यकतानुसार सुरक्षा बल तैनात करने के निर्देश दिए गए। पुलियाओं एवं सड़कों पर बने गड्ढों की तत्काल मरम्मत हेतु पीडब्ल्यूडी, एनएच सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।